# RRB ALP
# CBT-I

## Previous Year Paper
### 26 Nov, 2024 Shift 3

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## CEN 01/2024 - ALP / सहायक लोको पायलट

| | |
|---|---|
| Test Date | 26/11/2024 |
| Test Time | 4:30 PM - 5:30 PM |
| Subject | ALP Stage 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB ALP**

**Q.1** दिए गए आंकड़ों, 11, 16, 33, 15, 51, 19, 71, 75, 21, 17 का माध्यक ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 18
✗ 2. 22
✔ 3. 20
✗ 4. 24

**Q.2** $\sin A + \frac{\cos A}{\tan(90 - A)}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. tanA
✗ 2. cotA
✗ 3. 2cosecA
✔ 4. 2sinA

**Q.3** दो संख्याएं 3 : 2 के अनुपात में हैं। उनका LCM और HCF क्रमशः 24 और 4 है। दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✔ 1. 12
✗ 2. 8
✗ 3. 10
✗ 4. 14

**Q.4** सात व्यक्ति, B, C, D, E, F, G और K एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। केवल K, G के बाईं ओर बैठा है। K और C के बीच में केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। F और D के बीच में केवल E बैठा है और F, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है।

पंक्ति के दाएं छोर पर कौन बैठा है?

**Ans**
✔ 1. B
✗ 2. G
✗ 3. C
✗ 4. F

Q.5

Ans

✗ 1. Heat energy

✓ 2. Electric power

✗ 3. Electrical energy

✗ 4. Potential difference

Q.6 एक पाठ्यपुस्तक में कुल 662 पृष्ठ हैं। इसे दो भागों में बांटा जाता है। पुस्तक के दूसरे भाग में पहले भाग की तुलना में 52 पृष्ठ कम हैं। पुस्तक के पहले भाग में कितने पृष्ठ हैं?

Ans

✓ 1. 357

✗ 2. 305

✗ 3. 324

✗ 4. 372

Q.7 **सितंबर 2024 तक की स्थिति के अनुसार, भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा क्रिकेटर (पुरुष) टेस्ट मैचों में दूसरा सबसे अधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज है?**

Ans

✓ 1. आर. अश्विन

✗ 2. अनिल कुंबले

✗ 3. हरभजन सिंह

✗ 4. कपिल देव

Q.8 एक कार समान दिशा में कार्यरत बल (F) की क्रिया के तहत दूरी (s) के लिए एक विशेष दिशा में एक समान वेग (v) के साथ गतिमान है। बल द्वारा किया गया कार्य क्या होगा?

Ans

✗ 1. $-Fs$

✗ 2. $Fv$

✓ 3. $Fs$

✗ 4. $-Fv$

Q.9 **2024 में भारतीय सेना की खड्ग कोर (Kharga Corps) और भारतीय वायु सेना का संयुक्त अभ्यास किस राज्य में आयोजित किया गया?**

Ans

✓ 1. पंजाब

✗ 2. गुजरात

✗ 3. हरियाणा

✗ 4. राजस्थान

Q.10 सरलीकृत कीजिये: 3889 + 12.952 – 47.95

Ans

✗ 1. 3853.892

✓ 2. 3854.002

✗ 3. 3853.982

✗ 4. 3854.012

**Q.11** सोडियम कार्बोनेट के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

**Ans**

✗ 1. सोडियम कार्बोनेट का उपयोग बोरेक्स जैसे सोडियम यौगिकों के उत्पादन में होता है।

✗ 2. सोडियम कार्बोनेट का उपयोग घरों में साफ़-सफाई के लिए होता है।

✓ 3. सोडियम कार्बोनेट का उपयोग पेट में अम्ल की अधिकता को उदासीन करने के लिए किया जाता है।

✗ 4. सोडियम कार्बोनेट का उपयोग कांच, साबुन एवं कागज उद्योगों में होता है।

**Q.12** एक बंद बेलन के आधार की त्रिज्या और ऊंचाई का अनुपात 1 : 3 है, यदि इसका वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 924 $m^2$ है, तो इसका कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

**Ans**

✓ 1. 1232 $m^2$

✗ 2. 1512 $m^2$

✗ 3. 908 $m^2$

✗ 4. 1848 $m^2$

**Q.13** यदि शब्द KNIGHT के प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए और प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में कितने स्वर मौजूद होंगे?

**Ans**

✓ 1. तीन

✗ 2. एक भी नहीं

✗ 3. चार

✗ 4. दो

**Q.14** कौन-सा कोशिकांग कोशिकाद्रव्य के विभिन्न क्षेत्रों में, पदार्थों के परिवहन के लिए एक चैनल के रूप में कार्य करता है?

**Ans**

✓ 1. अंतर्द्रव्यी जालिका (Endoplasmic reticulum)

✗ 2. हरित लवक (Chloroplast)

✗ 3. सूत्रकणिका (Mitochondria)

✗ 4. लयनकाय (Lysosomes)

**Q.15** यदि '+' और '-' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

76 ÷ 4 + 108 × 3 − 5 = ?

**Ans**

✗ 1. 275

✓ 2. 273

✗ 3. 271

✗ 4. 265

Q.16 $(0.000001)^{1/3}$ का मान क्या है?

Ans
✗ 1. 0.1
✗ 2. 0.000001
✓ 3. 0.01
✗ 4. 0.001

Q.17 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर RGEL, SIHO से एक निश्चित प्रकार से संबंधित है। उसी प्रकार, VOQX, WQTA से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, YUZG निम्नलिखित में से किस विकल्प से संबंधित है?

Ans
✗ 1. ZWCK
✗ 2. ZYCJ
✗ 3. ZYBJ
✓ 4. ZWCJ

Q.18 A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। A, B के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। E, A के ठीक बाईं ओर बैठा है। C, F के ठीक दाईं ओर बैठा है। D के सापेक्ष में C का स्थान क्या है?

Ans
✗ 1. बाईं ओर से दूसरा
✓ 2. बाईं ओर से तीसरा
✗ 3. दाईं ओर से दूसरा
✗ 4. ठीक दाईं ओर

Q.19 रक्त शरीर के शेष भागों से कार्बन डाइऑक्साइड _____ में छोड़ने के लिए लाता है।

Ans
✗ 1. ग्रसिका
✓ 2. कूपिका
✗ 3. आमाशय
✗ 4. आंत

Q.20 यदि कोई व्यक्ति दूर की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से देख सकता है लेकिन पास की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से नहीं देख सकता है, तो इस नेत्र दोष को ______ का उपयोग करके ठीक किया जा सकता है।

Ans
✗ 1. एक समतल दर्पण
✗ 2. उचित क्षमता के अवतल लेंस
✓ 3. उचित क्षमता के उत्तल लेंस
✗ 4. एक समतल कांच की प्लेट

**Q.21** यदि शब्द DANCER के प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाए, और प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दो बार आएगा?

**Ans**
- ✔ 1. B
- ✘ 2. C
- ✘ 3. Q
- ✘ 4. M

**Q.22** टाउन A, टाउन R के दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। टाउन D, टाउन A के पूर्व में स्थित है। टाउन T, टाउन D के दक्षिण-पूर्व में स्थित है। टाउन R, टाउन T के उत्तर में स्थित है। टाउन M, टाउन T के दक्षिण-पूर्व में स्थित है। टाउन D के सापेक्ष में टाउन M की स्थिति क्या है?

**Ans**
- ✘ 1. दक्षिण-पश्चिम
- ✘ 2. उत्तर-पश्चिम
- ✔ 3. दक्षिण-पूर्व
- ✘ 4. उत्तर-पूर्व

**Q.23** किसी आकड़ें के लिए, यदि माध्य 28.5 और माध्यक 32 है, तो आनुभविक सूत्र (empirical formula) का प्रयोग करते हुए बहुलक ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ 1. 41
- ✘ 2. 40
- ✔ 3. 39
- ✘ 4. 42

**Q.24** फेरस सल्फेट को गर्म करने पर निम्नलिखित में से क्या प्राप्त होता है?

**Ans**
- ✘ 1. केवल फेरिक ऑक्साइड
- ✔ 2. फेरिक ऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और सल्फर ट्राइऑक्साइड
- ✘ 3. फेरिक ऑक्साइड और सल्फर ट्राइऑक्साइड
- ✘ 4. फेरिक ऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड

**Q.25** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। X और Y के स्थान पर कौन-सी संख्याएं आनी चाहिए ताकि :: के बाईं ओर दो संख्याओं द्वारा जिस पैटर्न का अनुसरण किया जाता है, उसी पैटर्न का अनुसरण :: के दाईं ओर किया जाता हो?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदा. 13 – संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

X : 30 :: 175 : Y

**Ans**
- ✘ 1. X = 180, Y = 44
- ✘ 2. X = 145, Y = 38
- ✘ 3. X = 195, Y = 27
- ✔ 4. X = 160, Y = 33

**Q.26** दी गई तालिका का अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

तालिका में वर्ष 2021 और 2022 में एक स्कूल के प्राथमिक और माध्यमिक विंग में नए प्रवेश को दर्शाया गया है।

| वर्ष | प्राइमरी विंग में नए प्रवेश | माध्यमिक विंग में नए प्रवेश |
|---|---|---|
| 2021 | 25 | 20 |
| 2022 | 12 | 15 |

वर्ष 2021 और 2022 में मिलाकर विद्यालय के प्राथमिक विंग में कितने नए प्रवेश हुए हैं?

**Ans**
- ✔ 1. 37
- ✘ 2. 35
- ✘ 3. 33
- ✘ 4. 31

**Q.27** निम्नलिखित में से कौन-सा जीव मुकुलन (budding) द्वारा प्रजनन करता है?

**Ans**
- ✘ 1. तिलचट्टा
- ✔ 2. हाइड्रा
- ✘ 3. मेंढक
- ✘ 4. केंचुआ

**Q.28** X की आय, Y की आय से 60% अधिक है और Y की आय, Z की आय से 40% अधिक है। X की आय, Z की आय से कितने प्रतिशत अधिक है?

**Ans**
- ✘ 1. 134%
- ✔ 2. 124%
- ✘ 3. 224%
- ✘ 4. 234%

**Q.29** एक निश्चित कूट भाषा में, 'fair weather friend' को 'kl ph gb' लिखा जाता है, और 'best friend ever' को 'ju fv kl' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'friend' को कैसे लिखा जायेगा?

**Ans**
- ✘ 1. fv
- ✘ 2. gb
- ✘ 3. ph
- ✔ 4. kl

**Q.30** जाइलम ऊतक के कौन-से तत्व परस्पर जल-संवाहक चैनल बनाते हैं?

**Ans**
- ✘ 1. केवल वाहिका
- ✘ 2. वाहिका और जाइलम रेशे
- ✘ 3. वाहिनिका और जाइलम रेशे
- ✔ 4. वाहिका और वाहिनिका

Q.31 यदि एक सम बहुभुज में 35 विकर्ण हैं, तो उसके अंतः कोणों का योग क्या है?

Ans
- ✗ 1. 1980°
- ✓ 2. 1440°
- ✗ 3. 1800°
- ✗ 4. 1620°

Q.32 जून 2024 में, निम्नलिखित में से किस भारतीय शहर को विश्व शिल्प परिषद (World Crafts Council) द्वारा आधिकारिक तौर पर विश्व शिल्प शहर के रूप में मान्यता दी गई?

Ans
- ✗ 1. कोलकाता
- ✗ 2. भोपाल
- ✗ 3. नई दिल्ली
- ✓ 4. श्रीनगर

Q.33 इस प्रश्न में, एक कथन के बाद I और II क्रमांकित दो कार्रवाइयां दी गई हैं। आपको कथन में दी गई सभी जानकारियों को सत्य मानना होगा और कथन में दी गई जानकारी के आधार पर निश्चय करना होगा, कि तार्किक रूप से किस/किन कार्रवाई/कार्रवाइयों का अनुसरण किया जाना चाहिए।

कथन:

प्रमुख थोक बाजारों में कमी की रिपोर्ट के कारण, पिछले 3 सप्ताह से देश भर में गेहूं की कीमत लगातार बढ़ रही है।

कार्रवाई:

(I) सरकार को कमी के कारणों की जांच के लिए तत्काल जांच करानी चाहिए।

(II) सरकार को गेहूं की आपूर्ति बहाल होने तक नागरिकों को रियायती दरों पर तेल उपलब्ध कराना चाहिए।

Ans
- ✗ 1. I और II दोनों अनुसरण करते हैं
- ✓ 2. केवल I अनुसरण करता है
- ✗ 3. केवल II अनुसरण करता है
- ✗ 4. न तो I और न ही II अनुसरण करता है

Q.34 यदि a : b = 3 : 4 और b : c = 4 : 1 है, तो a : b : c = ?

Ans
- ✗ 1. 4 : 1 : 3
- ✗ 2. 3 : 1 : 4
- ✗ 3. 4 : 3 : 1
- ✓ 4. 3 : 4 : 1

Q.35 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूरा करने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

24, 26, 30, 36, 44,?

Ans
- ✗ 1. 57
- ✓ 2. 54
- ✗ 3. 53
- ✗ 4. 51

| | | |
|---|---|---|
| Q.36 | एक वस्तु को उसके ₹500 के अंकित मूल्य पर 20% और 15% की दो क्रमिक छूट देने के बाद ₹ $x$ में बेचा जाता है। ₹$x$ का मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ 1. 280 | |
| | ✗ 2. 345 | |
| | ✓ 3. 340 | |
| | ✗ 4. 285 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.37 | किसी दिए गए माध्यम में किसी वस्तु के प्रणोद (T), दाब (P) और क्षेत्र (A) के बीच क्या संबंध है? | |
| Ans | ✗ 1. T = P+A | |
| | ✓ 2. T = P×A | |
| | ✗ 3. T = P/(A×A) | |
| | ✗ 4. T×A = P | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.38 | 2024 में, किस बैंक ने डिजिटल सप्लाई-चेन फाइनेंस प्लेटफॉर्म स्मार्टफिन (SmartFin) को लॉन्च करने के लिए वीफिन सॉल्यूशंस (Veefin Solutions) के साथ भागीदारी की? | |
| Ans | ✗ 1. आईसीआईसीआई बैंक (ICICI Bank) | |
| | ✗ 2. यूको बैंक (UCO Bank) | |
| | ✓ 3. यस बैंक (YES Bank) | |
| | ✗ 4. एचडीएफसी बैंक (HDFC Bank) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.39 | निम्नलिखित व्यंजक को सरल कीजिए। $\frac{4.33\times4.33-2.65\times2.65}{1.68}$ | |
| Ans | ✗ 1. 6.94 | |
| | ✗ 2. 6.96 | |
| | ✗ 3. 6.99 | |
| | ✓ 4. 6.98 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.40 | यदि किसी किताब के एक कॉलम में छपी हुई 9 पंक्तियों में 36 शब्द हैं, तो 51 पंक्तियों के एक कॉलम में कितने शब्द होंगे | |
| Ans | ✗ 1. 192 | |
| | ✓ 2. 204 | |
| | ✗ 3. 196 | |
| | ✗ 4. 208 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.41 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए? HKN, QTW, ZCF, ILO, ? | |
| Ans | ✗ 1. QTW | |
| | ✗ 2. QSU | |
| | ✓ 3. RUX | |
| | ✗ 4. RTV | |

Q.42 लोगों की एक पंक्ति में, मार्शल बाएं छोर से 13वें और दाएं छोर से 36वें स्थान पर बैठा है। पंक्ति में लोगों की कुल संख्या कितनी है?

Ans
✗ 1. 46
✗ 2. 49
✗ 3. 50
✓ 4. 48

Q.43 एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ 'A, B की मां है',

A – B का अर्थ 'A, B का भाई है',

A × B का अर्थ 'A, B की पत्नी है' और

A ÷ B का अर्थ 'A, B का पिता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P – Q × R ÷ S + T' है, तो Q का T से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. मां
✗ 2. मां का भाई
✓ 3. मां की मां
✗ 4. बेटी

Q.44 दूरसंचार अधिनियम, 2023 की किस धारा के अंतर्गत सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि का नाम बदलकर डिजिटल भारत निधि कर दिया गया?

Ans
✓ 1. धारा 24(1)
✗ 2. धारा 12(3)
✗ 3. धारा 20(1)
✗ 4. धारा 30(2)

Q.45 अवतल दर्पण का वक्रता केन्द्र कहां स्थित होता है?

Ans
✗ 1. दर्पण के कोर पर
✓ 2. दर्पण के सामने
✗ 3. दर्पण के केंद्र पर
✗ 4. दर्पण के पीछे

Q.46 यदि 'A' का अर्थ '÷', 'B' का अर्थ '×', 'C' का अर्थ '+' और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

92 D 12 B 3 C (63 A 3) D 15 =?

Ans
✗ 1. 80
✓ 2. 62
✗ 3. 78
✗ 4. 54

**Q.47** 8 पुरुष और 12 महिलाएं एक दीवार 10 दिनों में बना सकते हैं। 6 पुरुष और 8 महिलाएं इसे 14 दिनों में बना सकते हैं। इसे एक पुरुष द्वारा अकेले बनाने की तुलना में, एक महिला को अकेले बनाने में कितने अधिक दिन लगेंगे?

**Ans**

✗ 1. 35 दिन

✓ 2. 140 दिन

✗ 3. 280 दिन

✗ 4. 70 दिन

**Q.48** एक विलयन में 120 ml पानी में 40 ml अम्ल है। विलयन के आयतन प्रतिशत के आधार पर सांद्रता का परिकलन कीजिए।

**Ans**

✓ 1. 25%

✗ 2. 45%

✗ 3. 30%

✗ 4. 12%

**Q.49** नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। मानना है कि दिए गए कथन सत्य है चाहे वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों और निश्चय करना है कि कौन-सा/ कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथन/कथनों के अनुसार है/ हैं।

कथन:

सभी कपड़े, अंगूठियां हैं।

कोई कपड़े, बोतलें नहीं है।

निष्कर्ष:

(I) कुछ अंगूठियां, बोतलें हैं।

(II) कुछ अंगूठियां, कपड़े हैं।

**Ans**

✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) कथनों के अनुसार है

✗ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) कथनों के अनुसार है

✓ 3. केवल निष्कर्ष (II) कथनों के अनुसार है

✗ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों कथनों के अनुसार हैं

**Q.50** नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको मानना है कि दिए गए कथन सत्य हैं चाहे वे समान्यतः ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों और निश्चय करना है कि कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथन/कथनों के अनुसार है/हैं।

कथन:

सभी इंजन, रॉकेट हैं।

सभी हवाई जहाज़, रॉकेट हैं।

निष्कर्ष:

(I) कुछ इंजन, हवाई जहाज़ हैं।

(II) सभी हवाई जहाज़, इंजन हैं।

**Ans**

✗ 1. केवल निष्कर्ष II कथनों के अनुसार है

✗ 2. केवल निष्कर्ष I कथनों के अनुसार है

✓ 3. न तो निष्कर्ष I और न ही II कथनों के अनुसार है

✗ 4. निष्कर्ष I और II दोनों कथनों के अनुसार हैं

**Q.51** दो प्लंबर, X और Y, को उनके नियोक्ता द्वारा प्रति दिन कुल ₹660 का भुगतान किया जाता है। यदि Y को भुगतान की गई राशि का 120% भुगतान X को किया जाता है, तो Y को प्रति दिन कितना भुगतान किया जाता है?

**Ans**

✗ 1. ₹250

✓ 2. ₹300

✗ 3. ₹350

✗ 4. ₹200

**Q.52** **निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य ने 2023 हॉर्नबिल संगीत महोत्सव की मेजबानी की?**

**Ans**

✗ 1. ओडिशा

✗ 2. केरल

✓ 3. नागालैंड

✗ 4. गुजरात

**Q.53** **नारायण चक्रवर्ती को 2024 में विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए कौन-सा पुरस्कार दिया गया?**

**Ans**

✗ 1. पद्म विभूषण

✗ 2. पद्म भूषण

✗ 3. भारत रत्न

✓ 4. पद्म श्री

**Q.54** एक निश्चित कूट भाषा में, 'KNEW' को '4682' लिखा जाता है और 'KINE' को '6238' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'I' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans**

✗ 1. 8

✗ 2. 6

✗ 3. 2

✓ 4. 3

**Q.55** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

FLB, IOE, LRH, OUK,?

**Ans**
- ✗ 1. RXM
- ✗ 2. RYN
- ✓ 3. RXN
- ✗ 4. RYM

**Q.56** यदि शब्द WELDING के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए, और इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में पुनर्व्यवस्थित किया जाए, तो अक्षरों के नए पुनर्व्यवस्थित समूह में बाईं ओर से तीसरा अक्षर कौन-सा होगा?

**Ans**
- ✓ 1. H
- ✗ 2. E
- ✗ 3. J
- ✗ 4. F

**Q.57** निम्नलिखित कथन के लिए सही नियम का चयन कीजिए।
किसी रासायनिक अभिक्रिया के दौरान द्रव्यमान का न तो सृजन होता है और न ही विनाश।

**Ans**
- ✗ 1. चार्ल्स का नियम
- ✗ 2. हेनरी का नियम
- ✓ 3. द्रव्यमान के संरक्षण का नियम
- ✗ 4. ऊष्मागतिक का नियम

**Q.58** प्रतिवर्ती चाप तंत्रिका तंत्र के किस भाग में बनते हैं?

**Ans**
- ✗ 1. अग्र मस्तिष्क
- ✓ 2. मेरूरज्जु
- ✗ 3. अनुमस्तिष्क
- ✗ 4. मध्यांश

**Q.59** एक बेईमान दुकानदार अपना माल क्रय मूल्य पर बेचने का दिखावा करता है। हालांकि, वह गलत भार का उपयोग करता है जिस पर 984 gm लिखा होता है, लेकिन वास्तव में इसका भार कम होता है। इस गलत भार का उपयोग करके दुकानदार को 23% का लाभ होता है। प्रयुक्त भार का वास्तविक माप कितना है?

**Ans**
- ✗ 1. 850 gm
- ✗ 2. 900 gm
- ✗ 3. 935 gm
- ✓ 4. 800 gm

Q.60 एक गतिमान पिंड प्रत्येक सेकंड में एक सीधे पथ पर 10 m की दूरी तय करता है। पिंड किस प्रकार की गति में है?

Ans
1. एकसमान गति ✔
2. असमान रूप से त्वरित गति ✘
3. वृत्तीय गति ✘
4. एकसमान रूप से त्वरित गति ✘

Q.61 एक साइकिल चालक 2.5 km की दूरी 4 मिनट 10 सेकंड में तय करता है। उसी चाल से 6 km की दूरी तय करने में उसे कितना समय लगेगा?

Ans
1. 10 मिनट ✔
2. 11 मिनट ✘
3. 9 मिनट ✘
4. 12 मिनट ✘

Q.62 **सितंबर 2024 तक की स्थिति के अनुसार, निम्नलिखित में से किस भारतीय क्रिकेटर के नाम टेस्ट क्रिकेट में 6 शतक और 522 विकेट लेने का रिकॉर्ड है?**

Ans
1. रविचंद्रन अश्विन ✔
2. हार्दिक पंड्या ✘
3. रवीन्द्र जडेजा ✘
4. अक्षर पटेल ✘

Q.63 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर JHFDA, OMKIF से एक निश्चित प्रकार से संबंधित है। उसी प्रकार, NLJHE, SQOMJ से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, KIGEB निम्नलिखित में से किस विकल्प से संबंधित है?

Ans
1. QOMKH ✘
2. QOMKI ✘
3. PNLJG ✔
4. PNLJH ✘

Q.64 **जुलाई 2023 से जून 2024 तक भारत में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों में बेरोजगारी दर कितनी थी?**

Ans
1. 3.2% ✔
2. 3.0% ✘
3. 3.3% ✘
4. 3.1% ✘

Q.65 **2023-24 एसडीजी इंडिया इंडेक्स (SDG India Index) में लक्ष्य 1 (गरीबी उन्मूलन) के लिए स्कोर कितना था?**

Ans
1. 60 ✘
2. 67 ✘
3. 72 ✔
4. 54 ✘

Q.66 स्टेनलेस स्टील (stainless steel) प्राप्त करने के लिए लोहे में निम्नलिखित में से किस धातु को मिलाया जाता है?

Ans
✔ 1. निकेल और क्रोमियम
✘ 2. निकेल और जिंक
✘ 3. निकेल और टिन
✘ 4. निकेल और कॉपर

Q.67 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा युग्म उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ 1. TW-UX
✔ 2. SW-UY
✘ 3. LO-MP
✘ 4. CF-DG

Q.68 फ्लेमिंग के वामहस्त नियम (Fleming's left hand rule) में मध्यमा अंगुली किस भौतिक राशि को दर्शाती है?

Ans
✘ 1. चुंबकीय क्षेत्र की दिशा
✘ 2. बल की दिशा
✔ 3. विद्युत धारा की दिशा
✘ 4. चालक की गति की दिशा

Q.69 निम्नलिखित में से किस पौधे में शबलित पत्तियां (Variegated leaves) पाई जाती हैं?

Ans
✔ 1. क्रोटोन
✘ 2. केला
✘ 3. गुलाब
✘ 4. नीम

Q.70 ठोस $CO_2$, दाब को _______ तक कम करने पर _______ सीधे गैसीय अवस्था में परिवर्तित हो जाती है।

Ans
✔ 1. 1 वायुमंडलीय, द्रव अवस्था में परिवर्तित हुए बिना
✘ 2. 3 वायुमंडलीय, द्रव अवस्था में परिवर्तित हुए बिना
✘ 3. 4 वायुमंडलीय, द्रव अवस्था में परिवर्तित हुए बिना
✘ 4. 2 वायुमंडलीय, द्रव अवस्था में परिवर्तित हुए बिना

**Q.71** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। X और Y के स्थान पर कौन-सी संख्याएं आनी चाहिए ताकि :: के बाईं ओर दो संख्याओं द्वारा जिस पैटर्न का अनुसरण किया जाता है, उसी पैटर्न का अनुसरण :: के दाईं ओर किया जाता हो?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदा. 13 – संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

X : 521 :: 794 : Y

**Ans**
- ✔ 1. X = 659, Y = 656
- ✗ 2. X = 628, Y = 594
- ✗ 3. X = 698, Y = 612
- ✗ 4. X = 674, Y = 588

**Q.72** यदि किसी गोले की त्रिज्या में 50% की वृद्धि की जाए, तो उसके आयतन का वृद्धि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 325%
- ✗ 2. 225%
- ✗ 3. 337.5%
- ✔ 4. 237.5%

**Q.73** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ 1. LGI
- ✔ 2. OKL
- ✗ 3. UPR
- ✗ 4. DYA

**Q.74** स्पैचुला (spatula) में नैफ्थलीन (naphthalene) को जलाने से _____ प्राप्त होता है।

**Ans**
- ✗ 1. कज्जली ज्वाला
- ✔ 2. पीली ज्वाला
- ✗ 3. लाल ज्वाला
- ✗ 4. स्वच्छ ज्वाला

**Q.75** A किसी वार्षिक साधारण ब्याज दर पर ₹8,000 का निवेश करता है और B उसी ब्याज दर पर ₹11,000 का निवेश करता है। यदि 3 वर्ष के अंत में, B को A से ₹720 अधिक ब्याज प्राप्त होता है, तो वार्षिक साधारण ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ 1. 8%
- ✗ 2. 6%
- ✗ 3. 10%
- ✗ 4. 12%